## संक्षिप्त समाचार

### पीरपैंती: बिना सहमति किसी को न लगाये रंग

**भागलपुर/पीरपैंती, एजेंसी।** ईशीपुर बाराहाट थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक थानाध्यक्ष रवि शंकर की अध्यक्षता में हुई। विभिन्न होली कमेटी के लोगों ने कमिटी वालों ने प्रशासन को समस्याएं सुनायी। लोगों से कहा गया कि डीजे पर प्रतिबंध रहेगा व बगैर सहमति के किसी को रंग नहीं लगाएंगे। हुड़दंगियों और पियक्कड़ों पर कारवाई की जाएगी। बैठक में मुखिया लालमणी साह, पूर्व मुखिया संजय साह, पंसस मंटू रजक, लक्ष्मण मिश्र, जाकिर, अशोक राम, अमरजीत उमेश सिंह, जुल्फिकार अंसारी, नियाज आदि ने भी विचार रखे। इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने कहा की प्रशासन व पुलिस सुरक्षा व्यवस्था हर जगह कड़ी रहेगी।

### जिले के 250 ईंट भट्ठों में भारी नुकसान

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बेमौसम बारिश से पांच करोड़ कच्ची ईंटें बर्बाद हो गईं, जिसके कारण ईंट के दाम बढ़ने की आशंका है। जिले के 250 ईंट भट्ठों में बारिश से भारी नुकसान हुआ है। अब दो हफ्ते बाद ही ईंट भट्ठों में काम शुरू हो सकेगा। एक ईंट भट्ठे में दो सौ से अधिक मजदूर कार्य कर रहे हैं। ऐसे में त्योहार के बीच ईंट भट्ठों में काम कर रहे 50 हजार से अधिक मजूदरों को अगले 15 दिनों तक रोजगार का संकट हो गया है। चिमनी संचालकों ने बताया कि सीजन में मांग बढ़ने के कारण प्रत्येक ईंट भट्ठे में दो लाख से अधिक कच्ची ईंट तैयार कर रखी गई थी, लेकिन बारिश ने उम्मीद पर पानी फेर दिया।

### भगत सिंह की विचारधारा का प्रचार-प्रसार करें

**साहेबगंज, एजेंसी।** बाजार में शुक्रवार को डॉ अजीमुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक हुई। इसमें शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने, क्रांतिकारी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करने तथा किसान विद्रोह के रास्ते से फासीवादी सरकार को सत्ता में आने से रोकने का संकल्प दोहराया गया। बैठक में यादव लाल पटेल, राधिका रमण, विश्वनाथ राय, मिश्री लाल राय, भूपनारायण सिंह, रामनाथ पासवान मौजूद थे।

### चार दिनों में 34 डिग्री तक पहुंच सकता है पारा

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** जिले में आमतौर पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। अगले 24-48 घंटों में सीतामढ़ी और मधुबनी जिलों के कुछ स्थाों पर मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। आने वाले चार से पांच दिनों में अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की संभावना है। तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। वहीं न्यूनतम तापमान 15-17 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन आठ से 10 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से मुख्यतः पछुआ चलने का अनुमान है। शुक्रवार को बारिश थमने के बाद तापमान में वृद्धि हुई। आसमान में हल्के बादल छाए रहे। अधिकतम तापमान में दो डिग्री और न्यूनतम में 0.7 डिग्री की वृद्धि हुई। अधिकतम 27.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.5 डिग्री रिकार्ड किया गया। अधिकतम सामान्य से 5.9 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.1 डिग्री कम रिकार्ड किया गया।

### धानुक संवाद चौपाल का होली मिलन

**भागलपुर/सन्हौला, एजेंसी।** प्रखंड के शिव चंद विवाह भवन में धानुक संवाद चौपाल परिवार ने होली स्नेह मिलन समारोह मनाया। एक दूसरे को गुलाल अबीर लगा कर होली की बधाई दी। मुस्लिम समाज ने भी उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। भुड़िया गांव के वर्षो से धुर विरोधी रहे राजकुमार मंडल और अनिल मंडल गले मिले। मौके पर जिप सदस्य प्रतिनिधि मनोहर मंडल, मुखिया अजय राय, पूर्व मुखिया भावेश मंडल, जिप सदस्य सुजीत कुमार, जिप सदस्य डब्लू सिंह, पूर्व मुखिया ओम प्रकाश मंडल, अजय मंडल, अनुज झा, राहुल कुलकर्णी सहित अन्य लोग थे।

### जल संकट से बचाव पर की परिचर्चा

**भागलपुर/गोराडीह, एजेंसी।** विश्व जल दिवस पर गोराडीह प्रखंड के कासिमपुर में परिधि ने परिचर्चा कार्यक्रम किया। इसमें जलवायु परिवर्तन और जल संकट से बचाव पर चर्चा की गयी। अध्यक्षता मुखिया सुनील शर्मा ने की।

# मुंगेर सीट पर लालू ने अशोक महतो की बीवी अनिता को आरजेडी कैंडिडेट बनाया




**मुंगेर , एजेंसी।** बिहार के बाहुबली और डॉन के नाम से मशहूर अशोक महतो की बीवी अनीता देवी को आरजेडी ने मुंगेर से टिकट दिया है। राजद अध्यक्ष लालू यादव ने खुद उन्हें पार्टी सिंबल दिया है। जिसके बाद अब मुंगेर की सीट से डॉन की पत्नी का चुनाव लड़ना तय हो गया है। बीती रात राबड़ी आवास पर अनीता देवी ने राजद सुप्रीमो लालू यादव से मुलाकात की। आपको बता दें 3 दिन पहले से अशोक महतो की अनीती देवी से शादी हुई है। और अभी हाथों की मेहंदी छूटी भी नहीं, लालू की पार्टी आरजेडी ने मुंगेर से उन्हे प्रत्याशी बना दिया है। फिलहाल अब ये तय हो गया है कि ललन सिंह की मुंगेर लोकसभा सीट से डॉन अशोक महतो की पत्नी आरजेडी के सिंबल पर चुनाव लड़ेंगी। अभी तक नीतीश की जेडीयू ने प्रत्याशियों के नाम फाइनल नहीं किए हैं। लेकिन ये तय माना जा रहा है कि मुंगेर से ललन सिंह ही चुनाव लड़ेंगे। हालांकि जब ललन सिंह ने बीते साल जदयू के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था।

तब बीजेपी के नेताओं ने कहा था कि लालू यादव से उनकी बढ़ती करीबियों के चलते नीतीश ने ललन सिंह से जदयू की कमान अपने हाथों में ले ली थी। बीजेपी के नेताओं ने आरोप लगाया था कि लालू यादव के बेटे तेजस्वी को ललन सिंह सीएम बनाने की कोशिश कर रहे थे। डॉन अशोक महतो की पत्नी को मुंगेर से आरजेडी का टिकट मिलने के बाद अब इस सीट पर मुकाबला काफी दिलचस्प होने वाला है। जब महागठबंधन की ,सहयोगी पार्टी कांग्रेस सीट बंटवारे से पहले प्रत्याशियों को पार्टी सिंबल देने से खफा चल रही है। और अभी तक सीटों की फाइनल डील तय नहीं हो पाई है। फिलहाल अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को लालू यादव का आशीर्वाद मिल चुका है।

अशोक महतो तब अचानक चर्चा में आ गए जब खरमास में 62 साल की उम्र में अचानक शादी रचा ली वो भी अपने से 16 साल छोटी अनीता देवी से। और फिर आशीर्वाद लेने लालू यादव से मिलने पहुंच गए। जिसके बाद से सियासी गलियारों में इस बात की चर्चा तेज हो गई कि अशोक महतो लोकसभा चुनाव में अपनी किस्मत आजमाने की जुगाड़ में लगे हैं। दरअसल आपराधिक मामलों में सजायाफ्ता होने के चलते अशोक महतो चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। जिसके चलते उन्होने 62 साल की उम्र में शादी रचा ली। और अब उनकी पत्नी मुंगेर के सियासी मैदान से चुनाव लड़ेंगी।

अशोक महतो साल 2001 में हुए नवादा जेल कांड में 17 साल की जेल की सज़ा काट चुके हैं। जिसमें तीन पुलिसवालों की हत्या कर उसके गैंग के साथी उसे भगा ले गए थे। हालांकि 2006 में पुलिस ने फिर अशोक महतो को गिरफ्तार कर लिया था। बीते साल ही वो जेल से बाहर निकले हैं। कानून के मुताबिक दो साल से अधिक की सज़ा पाया व्यक्ति जेल से निकलने के छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता। जिसके चलते अशोक महतो ने ये हथकंड़ा अपनाया। डॉन अशोक की शादी को सियासी मैरिज करार दिया जा रहा है।




# कन्हैया कुमार को लगा बड़ा झटका, बेगूसराय सीट से नहीं मिला टिकट

**बेगूसराय, एजेंसी।** बिहार में महागठबंधन के पांच घटक दलों में सीट बंटवारे की औपचारिकता और ऐलान के बिना ही कैंडिडेट को सिंबल देना और नाम घोषित करना शुरू हो गया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने जेएनयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार के लिए बेगूसराय लोकसभा सीट मांग रही कांग्रेस को तगड़ा झटका देते हुए केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता गिरिराज सिंह की सीट पर तीन बार के विधायक अवधेश राय को टिकट दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी ने अब तक बिहार में किसी उम्मीदवार के नाम की घोषणा नहीं की है लेकिन आसार हैं कि बेगूसराय से गिरिराज सिंह को ही पार्टी फिर से टिकट देगी। भाजपा से टिकट के लिए राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा भी जी-जान से जुटे हैं। बेगूसराय में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को मतदान होना है जिसके लिए नामांकन 18 अप्रैल से शुरू होगा। सीपीआई महासचिव डी राजा ने पटना में बेगूसराय से अवधेश राय की उम्मीदवारी घोषणा की। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण पांडा, राज्य सचिव रामनरेश पांडे और राज्य सचिव मंडल के सदस्य मौजूद रहे।अवधेश बेगूसराय जिले की बछ्वाड़ा विधानसभा सीट से तीन बार विधायक रहे हैं जहां से इस समय भाजपा विधायक सुरेंद्र मेहता को नीतीश कैबिनेट विस्तार में खेल मंत्री बनाया गया है। अवधेश राय भाकपा के जिला सचिव भी हैं। बेगूसराय जिला की सात विधानसभा सीटों में 2 पर सीपीआई, 2 पर बीजेपी, 2 पर आरजेडी और एक पर जेडीयू का कब्जा है। परिसीमन से पहले बेगूसराय की पांच विधानसभा सीट बलिया लोकसभा में और दो सीट बेगूसराय लोकसभा में आती थी जो परिसीमन के बाद एक जिला के तौर पर एक संसदीय सीट हो गई है।

## झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जला शख्स:मच्छर भगाने वाली अगरबत्ती जला गहरी नींद में सोया था, सब जलकर राख

**जहानाबाद, एजेंसी।** जहानाबाद में कडौना ओपी क्षेत्र के बुलाकी विगहा में शुक्रवार की रात एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई, जिसमें 55 साल के दशरथ पासवान की झुलसे से मौत हो गई। बताया जाता है कि दशरथ अपने घर में मच्छर भगाने की अगरबत्ती जलाकर सोया था तभी अचानक झोपड़ी में आग लगी और धु धु कर जलने लगी। इस बात की सूचना आसपास के लोगों को मिली तभी आसपास के लोग आग बुझाने का प्रयास करने लगे, लेकिन आग की लपटें इतनी तेज थी कि ग्रामीणों से आग नहीं बुझ पाई तभी इस घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। अग्निशामक विभाग फायर ब्रिगेड की गाड़ी लेकर मौके पर पहुंची और किसी तरह आग पर काबू पाया। इस घटना से गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों का कहना है कि देर रात आग लगने के कारण लोग नहीं देख पाए मृतक व्यक्ति गहरी नींद में सोया हुआ था, जिसके कारण उसे पता नहीं चल सका जिसके कारण या घटना घट गई। अग्निशमन विभाग द्वारा लगातार शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आग से बचाव करने के लिए लोगों को उपाय बताया जा रहा है, लेकिन इसके बाद भी लोग सजग नहीं हो रहे हैं जिसके कारण घटना घट रही है।



## होली के बाद बिहार से वापसी होगी आसान, इन स्पेशल ट्रेनों में सीट ही सीट



**पटना, एजेंसी।** होली पर कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। इन ट्रेनों में होली के बाद बड़ी संख्या में बर्थ उपलब्ध है। रेलवे प्रशासन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि इन होली स्पेशल ट्रेनों में आरक्षण कराकर अपनी यात्रा को आरामदायक बना सकते हैं। रेलवे ने अपील की है कि टिकट बुकिंग से पहले कृपया सीटों की उपलब्धता की स्थिति सुनिश्चित कर लें। गाड़ी सं. 05293 मुजफ्फरपुर-सिकंदराबाद स्पेशल में 26 मार्च को टू एसी में 43, 3एसी में 225, थ्री इकोनॉमी में 134 सीटें उपलब्ध हैं। इसी ट्रेन में दो अप्रैल को को टूएसी में 52, 3 थ्री में 297, थ्री एसी इकोनॉमी में 153 सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 03255 पटना-आनंद विहार स्पेशल में 31 मार्च को 3 एसी इकोनॉमी में 123 सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 01410 दानापुर-एलटीटी स्पेशल में 31 मार्च को फर्स्ट एसी में 10, टू एसी में 30, 3ई में 462 सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 05531 रक्सौल-आनंद विहार स्पेपशल में 31 मार्च को टू एसी में 15, थ्रीएसी में 53 सीटें हैं। स्लीपर में 310 सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 05271 मुजफ्फरपुर-यशवंतपुर स्पेशल में 05 अप्रैल को 2एसी में 91, 3एसी में 171 सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 05281 मुजफ्फरपुर-एलटीटी स्पेशल में 27 मार्च को 2एसी में 42 सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 05289 मुजफ्फरपुर-पुणे स्पेशल में 30 मार्च को और 06 मार्च को सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 09818 दानापुर-सागरिका (कोटा) स्पेशल में 26 मार्च को कंफर्म टिकट उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 08478 पटना-पुरी स्पेशल में 26 मार्च को टू एसी में 32, 3एसी में 209 सीटें एवं स्लीपर में 109 सीटें उपलब्ध हैं।

इसके अलावा गाड़ी सं. 08854 सहरसा-टाटा स्पेशल में 28 मार्च, 30मार्चह्व, दो अप्रैल, ह्वचार अप्रैल ह्वऔर 06 अप्रैल को सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 08856 बरौनी-टाटा स्पेशल में 27 मार्च और तीन अप्रैल को सीटें उपलब्ध हैं। गाड़ी सं. 05531 रक्सौल-आनंद विहार स्पेशल में 31 मार्च को सीटें उपलब्ध हैं।

# एक्ट्रेस बेटी नेहा शर्मा को चुनाव लड़वाएंगे कांग्रेस विधायक अजित शर्मा




**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीटों पर जारी माथापच्ची के बीच कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने भागलपुर सीट पर दावा ठोंका है। उन्होने कहा कि हम तो चाहते हैं कि हमारी बेटी नेहा शर्मा इस सीट से चुनाव लड़ें। क्योंकि हम को विधायक हैं। लेकिन अगर पार्टी चाहेगी कि मुझे चुनाव लड़ना है तो मैं लड़ूंगा।

वहीं महागठबंधन में कांग्रेस को कितनी सीटें मिलेंगी इसके जवाब में उन्होने कहा कि कांग्रेस 8-9 सीटें मिलना चाहिए। भागलपुर से अपनी बेटी नेहा शर्मा के चुनाव लड़ने की भी वकालत की। उन्होने कहा कि हम तो चाहते हैं कि हमारी बेटी नेहा शर्मा इस सीट से चुनाव लड़ें। बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि इस बार बिहार से एनडीए का सफाया करेंगे। बिहार की धरती में वो ताकत है। जिसने पूरे देश को आजाद कराने में बिहार ने अहम भूमिका निभाई थी। नरेंद्र मोदी जी को हटाने का भार बिहार पर है। आपको बता दें अजित शर्मा की बेटी नेहा शर्मा बॉलीवुड एक्ट्रेस हैं। और कई बार अपने पिता के लिए चुनाव प्रचार कर चुकी हैं। भागलपुर में ही नेहा का जन्म हुआ था और स्कूलिंग भी यहीं से हुई है। नेहा बेहतरीन कथक डांसर भी हैं। नेहा के बॉलीवुड करियर की शुरुआत मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म क्रूक से हुई। जिसमें उनके साथ इमरान हाशमी थे। आपको बता दें भागलपुर लोकसभा सीट जेडीयू के खाते में है। एनडीए में हुए सीट बंटवारे में भागलपुर जेडीयू के खाते में गई है। और सीटिंग सांसद भी जदयू के अजय मंडल हैं। हालांकि इस सीट पर जदयू के ही गोपाल मंडल अपना दावा ठोंक रहे हैं। महागठबंधन में 2014 और 2019 में आरजेडी के पास यह सीट थी। 2014 में शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ने आरजेडी की ओर से चुनाव लड़ा था। और जीते थे। लेकिन 2019 में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। आपको बता दें अभी तक महागठबंधन में सीटों का बंटवारा नहीं हो सका है। हालांकि राजद और कांग्रेस के नेता कह रहे हैं। कि जल्द 2-3 दिनों पर सीटों पर फैसला हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक आरजेडी 28 सीटों पर दावेदारी ठोंक रही है। वहीं कांग्रेस 10-11 सीटों की डिमांड कर रही है। माले और सीपीएम ने भी 4-4 सीटों पर दावा ठोंका है। ऐसे में सीट बंटवारे पर अभी तक माथापच्ची जारी है।

## 40 की उम्र, 14 चुनाव, 3 बार ही बची जमानत अजब प्रत्याशी की गजब कहानी

**साहेबगंज , एजेंसी।** चुनाव आते ही एक से एक लड़ाके मैदान ताल ठोकते नजर आने लगते हैं। ऐसे ही एक चुनाव लड़ने वाले साहेबगंज के डॉक्टर (मो.) नबी हसन भी हैं। 40 वर्ष की उम्र में पंच से लेकर लोकसभा तक का 14 बार चुनाव लड़ चुके हैं, इसमें सिर्फ तीन बार जीत हासिल की है। अन्य चुनावों में अपनी जमानत तक नहीं बचा सके। गजब यह की डॉक्टर नबी हसन अपनी मां के खिलाफ भी दो बार चुनाव लड़ चुके हैं और एक बार मां से शिकस्त भी खा चुके हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि डॉक्टर नबी हसन इस बार लोस चुनाव में मैदान में होते हैं या नहीं।

डॉक्टर मो. नबी हसन कहते हैं कि वह पहली 2006 में ग्राम पंचायत मिल्की काजीचक से पंच निर्वाचित हुए थे। इससे उत्साहित होकर 2008 में साहेबगंज नगर पंचायत से वार्ड पार्षद के लिए मैदान में उतरे पर जीत नहीं सके। इसके बावजूद उनका जज्बा कम नहीं हुआ। वे 2010 में होने वाले विस् चुनाव में साहेबगंज से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतरे।

इसमें इनकी जमानत जब्त हो गयी। फिर 2013 में साहेबगंज नगर पंचायत से मां के विरोध में वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ा पर मां से बड़े अंतर से हार गए। इसके बाद भी उनका हौसला कम नहीं हुआ और 2014 में उन्होंने वैशाली लोकसभा से भाग्य आजमाया, पर ळ्झश्र गए। इसके बाद तो हर चुनाव में नबी सुर्खियों में रहने लगे। सभापति और उप सभापति का भी चुनाव लड़ चुके हैं। डॉक्टर नबी ने बताया कि वह 2015 में एमएलसी चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। ऐन वक्त पर मां की तबीयत खराब हो गयी। रसीद खरीदी पर नामांकन नहीं कर सके। इसके बाद 2018 में साहेबगंज नगर पंचायत का चुनाव जीत वार्ड पार्षद बन गए। तब उप सभापति के लिए मैदान में उतरे लेकिन, नाकामी हाथ लगी। इसके बाद 2019 में वैशाली से लोकसभा से मैदान में आए पर 2014 की तरह फिर जमानत जब्त हो गई। वर्तमान में वह साहेबगंज नगर परिषद से पार्षद हैं।




# दो कार की टक्कर में 1 की मौत, 10 घायल, घायलों में 5 छात्राएं शामिल



### राहगीर को ठोकर मार भाग रहे थे स्विफ्ट सवार, हड़बड़ी में बोलेरो से भिड़ंत

**लखीसराय, एजेंसी।** लखीसराय में शुक्रवार रात स्विफ्ट और बोलेरो में टक्कर हो गई। हादसे में एक की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। इसमें पांच छात्राएं शामिल हैं। स्विफ्ट में मृतक सहित 6 लोग सवार थे। जो गढ़ी बिशनपुर से लड़की की विदाई कराकर खुटूकपार पर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में स्विफ्ट ने बुजुर्ग राहगीर कपिल यादव को टक्कर मार दी। बुजुर्ग को ज्यादा चोट नहीं लगी। जिसके बाद स्विफ्ट चालक हड़बड़ा गया और भागने लगा। इसी दौरान बोलेरो से टक्कर हो गई। बोलेरो में बिहार दिवस महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर कस्तूरबा स्कूल की छात्राएं हॉस्टल जा रहीं थीं। बोलेरो पर 5 छात्राएं बैठीं थीं। एक चालक था। घटना में स्विफ्ट और बोलेरो सवार घायल हो गए। हादसा नगर थाना क्षेत्र के गढ़ी चौक के समीप का है।

**पुलिस और स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल :** पुलिस और स्थानीय लोगों ने बोलेरो में सवार सभी घायल छात्रों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। साथ ही स्विफ्ट कार पर सवार सभी व्यक्तियों की गंभीर स्थिति को देखते हुए लखीसराय सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान कार ड्राइवर पिंटू कुमार की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही डीएम-एसपी सदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल-चाल जाना। स्विफ्ट वाले सदर अस्पताल में भर्ती हैं और बोलेरो वालों का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। एसपी पंकज कुमार ने बताया कि बिहार दिवस महोत्सव से कार्यक्रम खत्म कर छात्रों को बोलोरो से उनके हॉस्टल भेजा जा रहा था।

#### ये लोग घायल हुए हैं

घायल छात्रों की पहचान लखीसराय जिले के पीरि बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत बंगाली बांध निवासी खुशबू कुमारी, सुनीता कुमारी, नेहा कुमारी, संगीता कुमारी, ममता कुमारी के रूप में हुई है। इसके अलावा बोलेरो ड्राइवर कृष्ण बल्लभ भी घायल हैं। वहीं, स्विफ्ट पर सवार घायलों में सुनील कुमार, बादल कुमार, विशाल कुमार, कंचन कुमारी शामिल हैं। मृतक कार ड्राइवर पिंटू कुमार है।

इसी क्रम में विद्यापीठ चौक के समीप स्विफ्ट कार ने बोलेरो गाड़ी में टक्कर मार दी। दोनों गाड़ियों में सवार लोग घायल हो गए हैं। एक की मौत हुई है और बाकी घायल हैं।

## ऑटो पलटने से महिला की हुई मौत, हादसे में पांच लोग भी हुए घायल

### होली की मार्केटिंग करने घर से निकली थीं



**नवादा, एजेंसी।** नवादा में होली की मार्केटिंग करके लौट रही एक महिला की ऑटो पलटने घटनास्थल पर मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया है। घटना नवादा जिले के कौवाकोल थाना क्षेत्र के कदर नहर के पास की है। जहां मृतक की पहचान महापुर गांव निवासी उदय दास की पत्नी सुनीता देवी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि महिला बड़रजी बाजार से होली का सामान लेकर ऑटो से घर जा रही थी। तभी पुल पर चढ़ने के दौरान ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया।

**चालक पर नशा करने का आरोप :** पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजन वीरेंद्र कुमार ने कहा कि ऑटो चालक नशे में था और काफी तेज चल रहा था। मना करने के बावजूद भी नहीं मान रहा था। अंत में ऑटो पलट गया। ऑटो में सवार पांच लोगों को हल्की चोट लगी है।

## संक्षिप्त समाचार

### होली स्पेशल समेत आधा दर्जन ट्रेनें लेट

**पटना।** पूर्व मध्य रेलवे के क्षेत्राधिकार से होकर पटना जंक्शन से गुजरने वाली 6 ट्रेनें आज लेट हैं। आम लोगों की सहूलियत के लिए चलाई जाने वाली होली स्पेशल ट्रेनें भी इसमें शामिल हैं। सबसे अधिक लेट वलसाड मालदा टाउन स्पेशल गाड़ी है। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से 7 घंटे लेट है। 09011 वलसाड मालदा टाउन स्पेशल गाड़ी अपने निर्धारित समय से 7 घंटे लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 1:40 बजे है। 09343 डॉक्टर अंबेडकर नगर से पटना आने वाली मेल एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 5 घंटे 30 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 3:30 बजे है। 08821 रांची गोरखपुर होली स्पेशल अपने निर्धारित समय से 30 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 9:05 है। 13287 दुर्ग आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 2 घंटे 30 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 7 बजे है। जो अब साढ़े नौ बजे आयेगी। 09037 उधना बरौनी जंक्शन स्पेशल गाड़ी अपने निर्धारित समय से 1 घंटे 30 मिनट लेट है। पटना जंक्शन पर इस गाड़ी के आने का समय सुबह 9:35 बजे है। 08793 दुर्ग पटना होली स्पेशल ट्रेन अपने निर्धारित समय से 2 घंटे लेट है। इस गाड़ी के पटना जंक्शन पर आने का समय सुबह 9:30 बजे निर्धारित है।

### बिहार में शुष्क बना रहेगा मौसम, 4 जिले में बारिश को लेकर अलर्ट, पटना में अब सताएगी गर्मी

**पटना।** बिहार के अधिकतर जिलों में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। आज प्रदेश ने चार जिले औरंगाबाद, अररिया, किशनगंज और सुपौल में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पिछले 24 घंटे के दौरान दरभंगा का तापमान सबसे अधिक 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस मोतिहारी जिला का रहा। मौसम विभाग के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि झारखंड और उसके आसपास बना चक्रवर्ती परिसंचरना अब उत्तर पूर्व आसाम और उसके आसपास बना हुआ है। अगले 24 घंटे के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहेगा। अगले 48 घंटे के दौरान प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस के वृद्धि देखने को मिल सकती है। पटना में आसमान साफ होने के साथ तेज धूप निकलेगी। जिसकी वजह से अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी दर्ज जाएगी। मौसम विभाग की मानें तो आने वाले दिनों में पटना में गर्मी बढ़ेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, इस पूरे



हफ्ते पटना का न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं अधिकतम तापमान 31 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। प्रदेश के मौसम में लगातार बदलाव होने के कारण। अस्पतालों में हर दिन रोज 50 से 100 मरीज वायरल बुखार की समस्या ले कर आ रहे हैं। डॉक्टर्स की माने तो इस बदलते मौसम में इम्यून सिस्टम कमजोर हो जाता है। ऐसे में सर्दी, जुकाम और बुखार की परेशानी आम बात है। शाम के समय पर्याप्त कपड़े पहन कर ही निकलना चाहिए। बदलते मौसम में वायरल बुखार के मामले बढ़ते हैं। बड़ों के साथ बच्चे भी वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान 30.4 डिग्री सेल्सियस के साथ दरभंगा जिला सबसे गर्म रहा। इसके अलावा पटना का अधिकतम तापमान 28.4 डिग्री, गया 29.1 डिग्री, शेखपुरा 30 डिग्री, बांका 28.3 डिग्री, जमुई 28.4 डिग्री, खगड़िया 29.8 डिग्री, बेगूसराय 28.9 डिग्री, मोतिहारी 28.6 डिग्री। इसके अलावा अन्य सभी जिलों का अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से लेकर 31 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया।

### संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग से लोकतंत्र पर खतरा

**पटना।** प्रेस वार्ता में रामनरेश पांडेय, रामबाबू कुमार, ओमप्रकाश नारायण, प्रमोद प्रभाकर, राम लाला सिंह, संजय कुमार, विजय नारायण मिश्र, मिथिलेश झा, एम. जब्बार आलम मौजूद थे। - Dainik Bhaskar प्रेस वार्ता में रामनरेश पांडेय, रामबाबू कुमार, ओमप्रकाश नारायण, प्रमोद प्रभाकर, राम लाला सिंह, संजय कुमार, विजय नारायण मिश्र, मिथिलेश झा, एम. जब्बार आलम मौजूद थे। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना लोकतंत्र और संविधान पर आसन्न गंभीर खतरे की घंटी है। शुक्रवार को प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी, तमिलनाडु में के. पानमुडी को मंत्री पद की शपथ दिलाने से इंकार पर सर्वोच्च न्यायालय की फटकार, इलेक्टोरल बॉन्ड मामले पर कोर्ट की टिप्पणी और इस पर भाजपा की चुप्पी इसका उदाहरण हैं। नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू करने के लिए चुनावी दौर का चयन सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की साजिश का भंडाफोड़ करता है। लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए यह जरूरी है कि इस चुनाव में केंद्र सरकार को सत्ता से बेदखल किया जाए। इसी उद्देश्य के साथ भाकपा चुनावी समर में इंडिया गठबंधन के साथ उतर रही है। प्रेस वार्ता में रामनरेश पांडेय, रामबाबू कुमार, ओमप्रकाश नारायण, प्रमोद प्रभाकर, राम लाला सिंह, संजय कुमार, विजय नारायण मिश्र, मिथिलेश झा, एम. जब्बार आलम मौजूद थे। भाकपा-माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि मोदी सरकार ने विपक्ष के खिलाफ चौतरफा युद्ध छेड़ दिया है। अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस के बैंक खाते को सीज करना, इसके स्पष्ट संकेत हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के बाद अरविन्द केजरीवाल दूसरे ऐसे चुने हुए मुख्यमंत्री हैं जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में ईडी द्वारा दर्ज मुकदमों में 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं के ऊपर हैं। स्पष्ट है कि मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ बोलने वाले विपक्षी दल व नेताओं को फंसाया जा रहा है।




### पटना के 80 प्रतिशत निजी स्कूलों ने किया अपडेट, यू-डायस पर डेटा अपडेट नहीं करने वाले स्कूलों की मान्यता होगी रद्द

**पटना।** पटना जिले के 80 प्रतिशत निजी स्कूलों ने यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल अपडेट नहीं किया है। यू-डायस पोर्टल पर डेटा अपडेट नहीं करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द होगी। जिले में 2234 निजी स्कूल रजिसटर्ड हैं। इनमें से 1786 स्कूलों ने स्टूडेंट प्रोफाइल व टीचर्स प्रोफाइल यू-डायस पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। बता दें कि यू डाइस पोर्टल पर सभी निजी, सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को स्कूलों का विवरण देना अनिवार्य है। जिसमें छात्रों की संख्या, शिक्षकों की संख्या, किस स्कूल में कितने छात्र छात्राएं हैं, पानी की व्यवस्था शौचालय की व्यवस्था के साथ-साथ अन्य जानकारियां अपलोड करना अनिवार्य है। इस पोर्टल में छात्रों का पूरा बायोडाटा शिक्षकों का बायोडाटा अपलोड होता है। जिला शिक्षा कार्यालय की माने तो इसका मुख्य मकसद छात्रों के डाटा के साथ पता चल जाता है कि कौन से छात्र सरकारी स्कूल में पढ़ने के साथ-साथ निजी स्कूलों में भी पढ़ाई कर रहे हैं और सरकारी योजनाओ का लाभ उठा रहे हैं। बता दें कि सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त व निजी स्कूल प्रबंधकों को यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट व टीचर्स प्रोफाइल अपडेट करना अनिवार्य है। लेकिन जिले के निजी स्कूल यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट प्रोफाइल अपडेट करने में सुस्ती बरत रहे हैं। इसमें पटना सदर के 676 स्कूलों के करीब 30 हजार विद्यार्थियों का स्टूडेंट प्रोफाइल यू-डायस पोर्टल पर अपलोड नहीं किया है। वहीं जिले के विभिन्न प्रखंडों के सरकारी व निजी स्कूलों के 78 हजार विद्यार्थियों का स्टूडेंट प्रोफाइल अपडेट नहीं किया गया है। इनमें जिले के करीब 95 प्रतिशत स्कूलों ने यू-डायस पोर्टल पर स्टूडेंट व टीसर्च प्रोफाइल अपडेट कर दिया है। यू-डायस पोर्टल पर स्कूल प्रबंधकों को शिक्षक और स्टूडेंट प्रोफाइल अपडेट करने के लिये 20 मार्च तक का समय दिया गया था।

# पटना: बेली रोड पर 4 नए फुट ओवरब्रिज बनेंगे

## अटल पथ पर स्पीड लिमिट, सड़क हादसों पर लगेगी लगाम, यात्रियों को होगी सुविधा

एजेंसी, पटना।

पटना के व्यस्ततम सड़कों में से एक बेली रोड पर चार नए फुट ओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। सगुना मोड़, पुनाईचक, चिड़ियाखाना और तारामंडल के पास यह ब्रिज बनेगा। ये अटल पथ पर बने ओवर ब्रिज के डिजाइन जैसा ही होगा। इसके अलावा कंकड़बाग में भी एक ब्रिज बनेगा। यही नहीं अटल पथ पर स्पीड लिमिट कर दिया गया है। ऑटो के लिए 30 किलोमीटर प्रतिघंटा, बस के लिए 50 और चार चक्का वाहन के लिए 70 किलोमीटर प्रति घंटा फिक्स किया गया। साथ ही आम लोगों की सुविधा के लिए वीमेंस कॉलेज के पास बने फुट ओवर ब्रिज पर लिफ्ट भी लगाया जाएगा। दरअसल, सड़क सुरक्षा पर गठित सर्वोच्च न्यायालय की समिति के निर्देश पर राजधानी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और पैदल चलने वाले लोगों को सड़क पार करने की सुविधा के लिए अहम बैठक बुलाई गई थी। मीटिंग में परिवहन, पथ निर्माण, बीएसआरडीसी, ट्रांसपोर्ट और पटना जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल हुए। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस




दौरान फुट ओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया। कुछ दिन पहले बिहार सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक हुई थी। जिसमें फुट ओवर ब्रिज,अंडर पास निर्माण के लिए बजट अनुमोदित किया गया था।

**सुरक्षित सड़क पार करने के लिए कई जगहों पर सुविधा नहीं:** परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि नेहरु मार्ग बेली रोड पर पैदल यात्रियों के लिए सड़क पार करने की कोई सुविधा नहीं है। इस वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। नेहरु मार्ग सहित किस रूट पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जा सकता है, इस बारे में संबंधित पदाधिकारियों से फीड बैक लिया गया।

**पैदल यात्रियों को होगी सहूलियत:** नेहरु मार्ग पर फुट ओवर ब्रिज बनने से पैदल यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। पटना शहर और दानापुर को जोड़ने वाली नेहरु मार्ग बेली रोड प्रशासनिक-व्यावसायिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। ये मार्ग काफी व्यस्त रहता है। सड़क पार करने में पैदल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

**डिजाइन के साथ एस्टीमेट तैयार करने का निर्देश:** प्रस्तावित जगहों पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण के लिए परिवहन सचिव ने पथ निर्माण विभाग और बीएसआरडीसी से तुरंत डिजाइन के साथ एस्टीमेट तैयार करने को कहा है। ब्रिज की निर्माण लागत का अनुमानित खर्च मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। डिजाइन प्राप्त होने पर निर्वाचन आयोग से नो ऑब्जेक्शन के लिए अनुरोध किया जाएगा।

**नगर निगम करेगा लिफ्ट का रखरखाव और बिजली बिल का भुगतान:** पथ निर्माण विभाग से सहमति प्राप्त कर फुट ओवर ब्रिज-लिफ्ट के रखरखाव एवं बिजली बिल के भुगतान के लिए नगर निगम ने जवाबदेही ली है। नगर आयुक्त अनिमेश पराशर ने बताया कि नगर निगम नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से इस कार्य को करेगा। इसके लिए आउट सोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से निगरानी की जाएगी। विज्ञापन से होने वाली आय से इसकी भरपाई की जाएगी।

**अटल पथ पर स्पीड लिमिट:** मीटिंग के दौरान अटल पथ पर हो रही सड़क दुर्घटना की भी चर्चा की गई। बताया गया कि हाई स्पीड के कारण आए दिन अटल पथ पर सड़क दुर्घटनाएं होती है। इस दौरान स्पीड लिमिट निर्धारित करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। फोर व्हीलर और सामान्य वाहनों के लिए 70, बस के लिए 50, थ्री व्हीलर ऑटो के लिए 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार निर्धारित की गई। स्पीड कैमरे से इसकी मॉनिटरिंग की जाएगी। निर्धारित सीमा से अधिक गति से गाड़ी चलाने वाले वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया जाएगा।

**एक्सीडेंट के कारणों का करें अध्ययन:** परिवहन विभाग के सचिव ने एसपी ट्रैफिक को निर्देश दिया कि बेली रोड एवं अटल पथ, गंगा पथ पर एक्सीडेंट के कारणों का विस्तृत अध्ययन करें। हादसों को कम करने के लिए जो भी संसाधनों की आवश्यकता है उसका प्रतिवेदन दें। सीसीटीवी कैमरों की मदद से चालान की व्यवस्था को तेज करने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर राज्य परिवहन आयुक्त विशाल राज, नगर आयुक्त अनिमेश पराशर, पुलिस अधीक्षक यातायात अशोक कुमार चौधरी, अधिक्षण अभियंता, पथ निर्माण धंनजय कुमार बंपट, अपर समाहर्ता, विधि व्यवस्था राजेश रौशन आदि मौजूद रहे।

**इन स्थानों पर फुट ओवर ब्रिज बनाने का फैसला किया गया**

1. पुनाईचक के पास
2. चिड़ियाघर गेट नंबर-1 के पास
3. तारामंडल के पास
4. कंकड़बाग
5. सगुना-दानापुर के बीच

# पटना में सड़क हादसे में 2 की मौत,9 घायल

## 100 से ज्यादा की स्पीड में टकराई 2 कार रॉन्ग साइड से आ रही थी क्रेटा

एजेंसी, पटना।

पटना में शनिवार सुबह साढ़े 9 बजे सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 9 लोग घायल बताए जा रहे हैं। बिहटा थाना के परेव गांव के पास 100 किमी प्रति घंटे से भी ज्यादा की रफ्तार से फोर लेन पर 2 कार में आमने-सामने भिड़ंत हुई। हादसे में कार सवार 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना के बाद मौके पर पुलिस पहुंच चुकी है। बिहटा आरा मुख्य मार्ग में सह थाना क्षेत्र के परेव गांव के पास ये हादसा हुआ, जहां फोर लेन ऑल्टो और क्रेटा में टक्कर हुई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑल्टो के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के मुताबिक कोइलवर में क्रेटा पटना से आरा जा रहा थी,जबकि ऑल्टो आरा से पटना आ रही थी। क्रेटा रॉन्ग साइड से आ रही थी। इस वजह से टक्कर हुई।



बताया जा रहा है कि ऑल्टो कार में महिला थी, जो होली में अपने मायके जा रही थी। कार में उसका दुपट्टा और दूसरे सामान बिखरे पड़े हैं। घटना में कार सवार नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए बिहटा स्थित ईएसआईसी अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुट गई है।

**समस्तीपुर में दुकान में घुसा ट्रक, एक की मौत:** समस्तीपुर में एक तेज रफ्तार ट्रक दुकान में घुस गया। इस हादसे में एक महिला दुकानदार की मौत हो गई। वही, तीन महिला ग्राहक जख्मी हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर आगजनी कर सड़क जाम किया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ड्राइवर को गिरफ्तार कर जाम हटाने का प्रयास कर रही है। वही, पूछताछ में ड्राइवर ने कहा कि ब्रेक फेल हो गया था। जिस वजह से ट्रक को नियंत्रण नहीं कर पाया। दलसिंहसराय-विद्यापतिनगर मुख्य पथ के स्मारक चौक के पास निर्माणाधीन एनएच 122 बी स्टोर प्वाइंट की घटना है। जहां, सीमेंट लदे अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से एक महिला दुकानदार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतका की पहचान विद्यापतिधाम निवासी रामचन्द्र साह की पत्नी मीना देवी (55 ) के रूप में हुई है।

# होली में छुट्टी नहीं, 25 से 30 मार्च तक शिक्षकों का विशेष प्रशिक्षण

एजेंसी, पटना।

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) ने 20 हजार शिक्षकों को 25 से 30 मार्च तक विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले कक्षा एक से पांच तक के 20 हजार शिक्षकों को होली की छुट्टी रद्द कर दी गई है। हालांकि बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष बृजनंदन शर्मा ने शिक्षा विभाग द्वारा लिए गए निर्णय का विरोध किया है। उन्होंने अपर मुख्य सचिव और एससीईआरटी के निर्देशक सज्जन आर को पत्र लिखकर होली त्यौहार के दिन प्रशिक्षण कार्य को बदलकर दूसरे दिन करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के लिए होली त्यौहार बड़ा त्यौहार है ऐसे में घर से निकलना भी होली के दिन मुश्किल होता है ऐसे में शिक्षकों की ट्रेनिंग कराना कहीं से भी उचित नहीं है। शिक्षा विभाग अपने



निर्णय को वापस नहीं लेगी तो कोई भी शिक्षक ट्रेनिंग के लिए नहीं जाएंगे। बता दें कि एससीईआरटी द्वारा जारी पत्र में कहा गया है ये शिक्षक 25 मार्च से विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। छह दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों को कक्षा एक से दो और कक्षा तीन से पांच तक स्कूलों को उपलब्ध कराए गए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी (एफएलएन) कीट पढ़ाने के तरीके बताएंगे जाएंगे। एससीईआरटी ने कहा है कि जिन शिक्षकों को प्रशिक्षण लेना वे 24 मार्च तक आवंटित प्रशिक्षण संस्थान में जाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# बिहार अग्निशमन दस्ते के प्रशिक्षु फायरमैन की मौत

**तबीयत बिगड़ने के बाद पटना में कराया गया भर्ती, इलाज के दौरान तोड़ा दम**

एजेंसी, पटना।

पटना सिटी के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में अग्नि संबंध दस्ते के एक फायरमैन अजीत कुमार की इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात मौत हो गई। उनके पार्थिक शरीर को तिरंगा में लपेटकर उनके पैतृक घर छपरा भेज दिया गया है। इस बात की पुष्टि अग्नि दस्ते के डीएसपी डॉक्टर अशोक प्रसाद ने की है। अग्नि दस्ते के फायरमैन अजीत कुमार वर्ष 2023- 2024 बैच के आरक्षी थे। बताया जा रहा है कि उनका प्रशिक्षण बिहटा के बिहार अग्नि प्रशिक्षण केंद्र में चल रहा था। लगभग साढे 5 माह का बुनियादी ट्रेनिंग उन्होंने प्राप्त कर लिया था। 15 दिनों की प्रशिक्षण शेष रह गई थी। इस बीच उनकी पोस्टिंग औरंगाबाद हो गई थी। इस दौरान उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। इलाज के लिए उन्हें पटना के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की देर रात उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बिहटा के अग्नि प्रशिक्षण केंद्र में मातमी सन्नाटा पसर गया। बिहार अग्नि प्रशिक्षण केंद्र के डीएसपी डॉक्टर अशोक प्रसाद ने बताया कि नवनियुक्त प्रशिक्षु अजीत कुमार आंदपुर कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस बीच उनकी पोस्टिंग औरंगाबाद कर दी गई थी, लेकिन अचानक तबीयत खराब होने से उन्हें इलाज के लिए पटना सिटी के गुरु गोविंद सिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया। डीएसपी अशोक कुमार ने बताया कि फायरमैन अजीत कुमार की लीवर में इंफेक्शन हो जाने के कारण डॉक्टर ने उन्हें जॉन्डिस होने के बात बताई थी। कहा कि विधि सम्मत जो मुआवजा मिलना चाहिए उनके परिजनों को मिलेगी।

# इंटर में 87.21% पास, 6 सालों में सबसे बेहतर रिजल्ट


तुषार कुमार, आर्ट्स टॉपर, 96.4%

**पटना के तुषार ओवरऑल टॉपर, सीवान के मृत्युंजय साइंस, कॉमर्स में शेखपुरा की प्रिया ने किया टॉप**

एजेंसी, पटना।

बिहार स्कूल एग्जामिनेशन बोर्ड (BSEB) ने शनिवार को इंटर का रिजल्ट कर दिया। आर्ट्स में 86.15%, कॉमर्स में 94.88% और साइंस में 87.8% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। सीवान के मृत्युंजय कुमार साइंस में स्टेट टॉपर हैं। आर्ट्स में पटना के तुषार कुमार और कॉमर्स में शेखपुरा की प्रिया कुमारी ने प्रदेश में टॉप किया है। आर्ट्स के तुषार कुमार ने ओवर ऑल टॉप किया है। उन्हें 96.4% नंबर मिले हैं। जबकि साइंस टॉपर मृत्युंजय को 96.2% और कॉमर्स टॉपर प्रिया को 95.6% मार्क्स मिले हैं। ओवर ऑल इस बार इंटर की परीक्षा में 87.21% स्टूडेंट्स पास हुए हैं। जबकि पिछले साल 83.7 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए थे। छात्राओं ने इस बार फिर से बाजी मारी है। छात्राओं का पासिंग परसेंटेज 88.84% रहा है। वहीं छात्रों का पासिंग परसेंटेज 85.69% रहा। 6 सालों में ये बिहार इंटर का सबसे बेहतर रिजल्ट है। बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने रिजल्ट जारी करते हुए बताया कि 31 मार्च तक मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट भी जारी हो सकता है। ये 6वीं बार है, जब बिहार ने देश में सबसे पहले रिजल्ट जारी किया है।

## यूट्यूब से आर्ट्स सेकंड टॉपर निशी ने की पढ़ाई

एजेंसी, पटना।

बिहार बोर्ड का रिजल्ट जारी हो गया है। इस बार फिर लड़कियों ने बाजी मारी है। लड़कियों की पासिंग परसेंटेज लड़कों से ज्यादा है। आर्ट संकाय में पटना की निशी सिन्हा ने 94.60% प्राप्त कर पूरे बिहार में दूसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने कॉलेज ऑफ कॉमर्स से पढ़ाई की है। निशी ने बताया कि उनका सपना सिविल सर्विस में जाने का है। सेकंड टॉपर होनी की जानकारी न्यूज चैनल से पता चला। टॉपर्स के नाम के बारे में बताया जा रहा था। अपना नाम देखा तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। अंदाजा नहीं था कि वह टॉपर की लिस्ट में आएंगी। परीक्षा के लिए यूट्यूब की मदद से पढ़ाई की। निशी ने आगे बताया कि पढ़ाई के लिए कोई रूटिंग फिक्स नहीं किया था। जब टाइम मिलता था, पढ़ाई शुरू कर देती थी। निशी ने बताया कि वो किसी सोशल मीडिया पर भी नहीं है। बस पढ़ाई के लिए यूट्यूब और व्हाट्सएप का इस्तेमाल करती थी। कुछ चैनल का सब्सक्रिप्शन भी ले रखा था। उसी से सेल्फ स्टडी करती थी। बोर्ड एग्जाम के लिए तैयारी कर रहे बच्चों को सलाह देते हुए कहा कि 'मैं यही कहूंगी कि हमेशा अपना बेस्ट देना चाहिए, सिर्फ एग्जाम में नहीं बल्कि हर क्षेत्र में। रिजल्ट हमारे हाथ में नहीं होता है, लेकिन मन में कोई पछतावा नहीं रखना चाहिए। निशी के पापा राजेंद्र प्रसाद यादव रिटायर्ड इंजीनियर और मां सुलेखा देवी गृहणी हैं।



# महागठबंधन में तनाव कम नहीं हुआ तो कांग्रेस कहेगी थैंक्यू

- पार्टी के बड़े नेता कैमरे पर बोलने को तैयार नहीं, कांग्रेस और माले आरजेडी के रवैये से दुखी

एजेंसी, पटना।

एनडीए में शामिल पार्टियां कितनी-कितनी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी, इसकी घोषणा हो चुकी है। लेकिन महागठबंधन में अभी तक पेंच फंसा हुआ है। सीट बंटवारे से पहले आरजेडी अध्यक्ष लालू यादव सिंबल बांट रहे हैं। इसके अलावा सीपीआई ने भी बेगूसराय से अपने उम्मीदवार अवेधश राय को टिकट दिया। महागठबंधन में कांग्रेस हो या माले नाराजगी बड़ी है। महागठबंधन के अंदर का तनाव को लालू यादव ने नहीं रोका तो कांग्रेस थैंक्यू बोल सकती है। कांग्रेस के दिल्ली स्तर के कई नेता सीट बंटवारे पर फंसे पेंच को दूर करने में लगे हैं। कई सीनियर नेता लालू यादव से संपर्क कर रहे हैं। फिलहाल महागठबंधन के कोई भी बड़े नेता कैमरे पर कुछ बोलना नहीं चाहते। संयुक्त रूप से सीटों और उम्मीदवारों की घोषणा महागठबंधन कर सकती



थी, लेकिन लालू यादव ही सब कुछ कर रहे हैं। कांग्रेस या लेफ्ट के नेता मुखर होकर कुछ बोल भी नहीं पा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व में इतनी ताकत नहीं दिख रही कि वे अकेले चलने का फैसले ले सकें। आरजेडी सुप्रीमो मालिकाना अंदाज में हैं। गठबंधन में सबको लेकर चलने की शैली कमजोर दिख रही है। साथी पार्टियों से लालू यादव की यही बात हुई थी कि सभी सीटों का ऐलान एक साथ करेंगे। कुछ दिन पहले हुई बैठक में यह तय हुआ था। जिसमें लालू और तेजस्वी यादव भी मौजूद थे। माले तो साफ-साफ कहती रही है कि हम आठ सीटें चाहते हैं। दक्षिण और उत्तर बिहार की जिन सीटों पर माले का दावा है उसका नाम भी सामने आया है।

**कन्हैया कुमार को बेगूसराय नहीं दिला पाई कांग्रेस:** बेगूसराय की सीट पर कांग्रेस ने स्थिति साफ नहीं की। कन्हैया चुनाव लड़ेंगे यह बात भी किसी बड़े नेता की तरफ से नहीं आई। इस बीच इलेक्शन कमिटी की बैठक में कन्हैया कुमार पटना आए भी थे। कांग्रेस की स्थिति ऐसी है कि प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह को नहीं मालूम कि लालू प्रसाद सिंबल बांट रहे हैं। कांग्रेस को छह सीटों से ज्यादा नहीं दी जा रही। वह 10 सीट चाहती है।

**माले को आरा, नालंदा, काराकाट के साथ सीवान और कटिहार भी चाहिए:** माले को महागठबंधन में आरा, नालंदा और काराकाट की सीट मिलने की जानकारी है। इसके अलावा सीवान और कटिहार की सीट भी मांग रही है। जबकि आरजेडी सीवान से पूर्व स्पीकर अवध बिहारी चौधरी और कटिहार से अशफाक करीम को उतारना चाहती है। माले चाहती है कि आमने-सामने बैठकर सीटों का मसला सुझलाया जाए। बता दें, जब माले से राजाराम सिंह को राज्यसभा भेजने का समय था, उस समय माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने फोन कर मनाया था। अखिलेश प्रसाद सिंह के लिए वोट मांगा था।

# पटना में डॉक्टरों का होली मिलन समारोह, मंत्री लेसी सिंह भी रहीं मौजूद

एजेंसी, पटना।

पटना में क्षत्रिय राजपूत डॉक्टर्स ऑर्गनाइजेशन की ओर से एक निजी लॉन में होली मिलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में राजपूत समाज के शहर के जाने माने डॉक्टर्स और इसी समाज से आने वाली बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह और बिहार विधान परिषद के पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह मौजूद रहे। इस आयोजन में इस संस्थान के बिहार के अध्यक्ष डॉक्टर विजय शंकर सिंह और डॉक्टर सुनील कुमार सिंह मौजूद रहे। डॉक्टर ने मंच का संचालन किया और सारे मेहमानों का स्वागत किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर और गुलाल लगा कर होली का आनंद लिया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इस मौके पर वहां मंच पर मौजूद सभी नेताओं और डॉक्टरों ने अपनी अपनी बात रखी। बिहार सरकार की मंत्री लेसी सिंह ने सब से पहले वहां उपस्थित लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं। लेसी सिंह ने कहा कि इस तरह के अवसर जहां अपने समाज के बड़े बड़े डॉक्टर्स को हम लोगों को एक जगह एकत्र करने मिलने जुलने का मौका देने के लिए आयोजकों का बहुत बहुत धन्यवाद। आज जरूरत है अपने समाज के लोगों की मदद करने की। उन्हें आगे बढ़ाने की। जो जिस फील्ड में संघर्ष कर रहा है उसे जहां तक हो सके मदद करने की जरूरत है। तभी हमारा समाज मजबूत हो सकेगा।



